## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विद्यार्थियों से की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से जुड़ने की अपील, कार्यक्रम को लेकर राज्य में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों में भी खासा उत्साह।**
- **केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल तीन वर्ष बढ़ाने की दी स्वीकृति, केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– सरकार सफाई कर्मचारियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध।**
- **राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा– क्षेत्रीय भाषा में होगी प्राइमरी तक की पढ़ाई, निजी विद्यालयों की मनमानी पर लगेगी रोक।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद बीएयू में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले का करेंगे भुभारंभ, कल होगा महिला कृषक गोष्ठी का आयोजन।**
- **रांची में कल होगा कोल इंडिया मैराथन का आयोजन, झारखंड समेत देशभर के दस हजार से  से अधिक धावक होंगे शामिल।**

********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विद्यार्थियों से 10 फरवरी को प्रसारित होने वाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने अपने एक वीडियो संदेश में कहा है कि यह अब सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा का अभियान बन चुका है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण 10 फरवरी को किया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर सिमडेगा जिले के विद्यार्थियों में खासा उत्साह है।

********************

केन्द्र सरकार ने सफाई कर्मचारियों के राष्ट्रीय आयोग का कार्यकाल 31 मार्च 2028 तक तीन वर्ष के लिए बढ़ाने को स्वीकृति दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे सफाई कर्मचारियों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान होगा।

********************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में प्राइमरी तक की शिक्षा क्षेत्रीय भाषाओं में दी जायेगी। सरकार इस दिशा में काम कर रही है। घाटशिला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण का प्रयास कर रही है। श्री सोरेन ने यह भी कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी पर भी सरकार अंकुश लगाने की पहल कर रही है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले का शुभारंभ करेंगे। मेला का थीम कृषि उत्पादकता, सुरक्षित खाद्य एवं पर्यावरण संरक्षण है। 10 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में किसानों के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कल महिला किसानों के लिए गोष्ठी रखी गयी है।

********************

केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज विकास मंत्रालय ने महाकुम्भ में एक पैवेलियन लगाया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसमें सरकारी योजनाओं और सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त आदर्श गांव का मॉडल प्रदर्शित किया गया है।

********************

कोल्हान की दो शिक्षिकाओं ने यूनिसेफ की मैगजीन में स्थान पाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

********************

रांची में कोल इंडिया की ओर से कल मैराथन का आयोजन किया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। यह कोल इंडिया मैराथन का तीसरा संस्करण है। इसमें देशभर से दस हजार से अधिक धावक भाग लेंगे।

********************

रांची के मोराबादी मैदान में 16वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर आज से शुरु होगा। राज्य के उद्योग और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव शाम चार बजे इसका उदघाटन करेंगे। मेले में 8 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें देश के 15 राज्यों के स्टॉल भी लगायें जायेंगे।

**********समाप्त*********